113 पौधे भी लगाए

इंडियन बैंक ने मनाया 113वां स्थापना दिवस

चेन्नई. इंडियन बैंक ने हाल ही अपना 113वां स्थापना दिवस मनाया। बैंक ने 15 अगस्त 1907 को हमारे देश के स्वदेशी आंदोलन के तहत अपना परिचालन शुरू किया। बैंक ने अपनी 112 साल की सेवा में सामाजिक-आर्थिक, समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस मौके पर इमेज में आयोजित समारोह में बैंक ने प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और शिवानंद सरस्वती सेवाश्रम के बैंक पद्मश्री डॉ. एस. राजाराम व कुत्तमबाक्कम के निस्वार्थ ग्रामीण सुधारक रंगास्वामी इलंगो तथा तिरुनेलवेली की के. विसालिनी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर इंडियन बैंक की एमडी और सीईओ पद्मजा चुंदरू ने कर्मचारियों से बैंक के कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए जुनून के साथ काम करने का आग्रह किया।

स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित अतिथि एवं बैंक के पदाधिकारी।

उन्होंने कहा बैंक ने सभी सार्वजनिक उपक्रमों को भारत सरकार की हालिया स्थिति के अनुरूप, शाखा में आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोच से पैदा हुए नवीन विचारों की पीढ़ी के लिए न्नीचे-ऊपर परामर्श प्रर्ि याज शुरू की है।

कार्यकारी निदेशक एम.के. भट्टाचार्य और वी.वी. शेनॉय ने भी अपना दृष्टिकोण साझा किया। बैंक के उन ग्राहकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया गया, जिनके संरक्षण में बैंक आज देश के सर्वश्रेष्ठ और विश्वसनीय पीएसयू बैंकों में से एक बनाया है।

कार्यक्रम में इंडियन बैंक ने दो नए उत्पाद लॉन्च किए, जिनमें रेपो लिंक्ड होम लोन और व्हीकल लोन शामिल हैं, इससे उधारकर्ताओं को आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में बदलाव का तात्कालिक प्रसारण सुनिश्चित होगा।

बैंक ने विशेष विशेषताओं के साथ वरिष्ठ नागरिकों के लिए बचत बैंक खाता (आईबी सम्मन) और खुदरा ऋण योजना (आईबी इको-वाहन) दो नए उत्पाद बाजार में उतारे हैं। स्थापना दिवस पर महानगर में 113 पौधे लगाए गए।

समारोह में इंडियन बैंक के संस्थापक की बेटी पूर्व न्यायाधीश प्रभा श्रीदेवन ने भी भाग लिया। इस मौके पर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर बैंक द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

पत्रिका Mon, 19 August 2019
epaper.patrika.com/c/42635979